मतदाता सूची में नाम जुड़वाने में आगे निकल गईं महिलाएं

राज्य ब्यूरो, पटना : विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने शुक्रवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जुड़े नए मतदाताओं के आंकड़े सार्वजनिक कर दिए। बिहार के कुल 243 विधानसभा क्षेत्र के 72,723 मतदान केंद्रों पर 12,40,798 लाख मतदाताओं के नाम जुड़े हैं। इसमें पुरुष मतदाता की संख्या 6,06,157, महिला 634,517 और 124 थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। जबकि 2,94,969 मतदाताओं के नाम सूची से विभिन्न कारणों से हटाए गए हैं। अब प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 7,18,22,450 हो गई है।

लिंगानुपात में इजाफा: प्रारूप प्रकाशन के समय जहां लिंगानुपात 892 था। वहीं, अंतिम रूप से प्रकाशित सूची में यह बढ़कर 894 हो गया है। आयोग का दावा है कि प्रकाशित सूची और मतदाता पहचान पत्र में सौ फीसद मतदाताओं का फोटो है। 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाता की कुल संख्या 7,14,488 है। जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं की संख्या 13,03, 543 है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एचआर श्रीनिवास ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची की प्रति सभी डीएम को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।